बाघ के हमले में महिला की मौत, क्षेत्र में दहशत

बरघाट नवभारत। वन विभाग के बहरई वन परिक्षेत्र अंतर्गत पांडरवानी बीट में एक महिला की वन्य प्राणी के हमले में दर्दनाक मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त है। प्रारंभिक तौर पर बाघ के हमले की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पांडरवानी, तहसील बरघाट निवासी अनीता बाई (पति रूपकुमार चौधरी) प्रतिदिन की तरह गांव से लगे जंगल क्षेत्र में महुआ बिनने के लिए गई थीं। महुआ संग्रहण इस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किसान सुबह के समय जंगल की ओर जाते हैं। बताया जा रहा है कि घटना स्थल ग्राम से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। जब काफी देर तक अनीता बाई घर नहीं लौटीं तो परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी

वन विभाग ने शुरू की जांच

तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जंगल में उनका क्षत-विक्षत शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर बाघ के हमले की आशंका जताई है। बहरई वन परिक्षेत्र के परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी रवि गेडाम ने बताया कि मौके का पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तकनीकी जांच के आधार पर ही यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि हमला किस वन्य प्राणी द्वारा किया गया।

वन अधिकारियों के अनुसार यदि यह बाघ का हमला सिद्ध होता है तो शासन की ओर से निर्धारित आर्थिक सहायता राशि पीड़ित परिवार को नियमानुसार प्रदान की जाएगी। वर्तमान में वन विभाग की

टीम क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए हुए है और संभावित वन्य प्राणी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है तथा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में वन्य प्राणियों की गतिविधि में वृद्धि देखी जा रही है। खेतों में काम करने और जंगल जाने वाले लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। कई ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग द्वारा नियमित गश्त, चेतावनी बोर्ड की स्थापना, रात्रिकालीन निगरानी तथा आवश्यकतानुसार विशेष टीम की तैनाती की जाए।

विशेषज्ञों का मानना है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं उन क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती हैं जहां वन क्षेत्र गांवों के नजदीक है और आजीविका के लिए ग्रामीणों को जंगल पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में सामुदायिक जागरूकता, समयबद्ध सूचना प्रणाली और त्वरित मुआवजा वितरण जैसी व्यवस्थाएं अत्यंत आवश्यक हैं।

वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक सभी कदम उठाए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होते ही स्पष्ट जानकारी साझा की जाएगी तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल न जाएं और किसी भी संदिग्ध वन्य प्राणी की गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

फिलहाल, पूरे क्षेत्र में भय और शोक का वातावरण है तथा सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

पीड़ित परिवार को मिले उचित मुआवजा

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता राहुल उइके भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुखद और पीड़ादायक हैं तथा प्रशासन को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनानी चाहिए। यह घटना ग्राम पांडरवानी ही नहीं बल्कि पूरे बरघाट क्षेत्र के लिए अत्यंत हृदयविदारक है। अनीता बाई एक मेहनतकश महिला थीं और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सहयोग करती थीं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है और अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

खेत के कुएं में गिरने से नवयुवक की दर्दनाक मौत

सिवनी नवभारत। जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत समनापुर वार्ड से सोमवार दोपहर एक हृदय विदारक घटना सामने आई। खेत में बने कुएं में गिरने से एक नवयुवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 2 नवंबर दिन सोमवार की दोपहर लगभग 12ः30 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अंकुश चौरसिया के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ समनापुर वार्ड में निवास करता था। परिजनों के अनुसार अंकुश दोपहर के समय अपने खेत में सिंचाई के लिए रखी पानी की मशीन की देखरेख करने गया था। आशंका जताई जा रही है कि मशीन की जांच करते समय अथवा खेत के आसपास आवाजाही के दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया, जिससे वह पास ही स्थित गहरे कुएं में जा गिरा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक के कुएं में गिरते ही आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत परिजनों तथा स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद युवक को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। इस संबंध में लखनादौन थाना प्रभारी के.पी. धुर्वे ने बताया कि कुएं में गिरने से युवक की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतों में खुले और असुरक्षित कुओं के आसपास सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

एक नजर में

कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, दिए निर्देश

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार प्राप्त एवं लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने सभी विभागों को प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित अन्?य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की बीएमओवार समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के तेजी से कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित जाति प्रमाण पत्रों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया। इसी तरह शासन के निर्देशानुसार 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूलों एवं छात्रावासों में शत-प्रतिशत बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मैदानी स्तर पर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए शतप्रतिशत पात्र बालिकाओं का वैक्सिनेशन पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सतत पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), नगरपालिका तथा जल संसाधन विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को ग्रामवार सर्वे कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की बैठक

सिवनी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि चयनित ग्रामों में समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधोसंरचना विकास, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर समयसीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पेयजल, स्वच्छता, आंगनवाड़ी, ठोस एवं द्रव अपशिष्ट प्रबंधन सहित प्रमुख कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 7 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों में सर्वे कर विलेज डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। इन ग्रामों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता एवं अधोसंरचना विकास, अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं की स्थापना तथा आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे।

नि:शुल्क ऑनलाईन प्रवेश हेतु समय सारणी जारी

सिवनी। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क ऑनलाईन प्रवेश के संबंध में समय सारणी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि निःशुल्?क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्?क प्रवेश की प्रकिया को पारदर्शी और आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाईन आवेदन एवं आवेदन के उपरांत सत्?यापन अधिकारियों द्वारा मूल दस्तावेजों से सत्यापन तथा सत्यापन में पात्र पाए गए बच्?चों में से ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन तथा आवंटन उपरांत सत्र 2026-27 के निःशुल्क प्रवेश की कार्यवाही की जाना है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च से प्रारंभ होगा वहीं पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार दिनांक 13 मार्च से दिनांक 28 मार्च तक किया जायेगा। आवेदन के उपरांत सत्?यापन केंद्र शासकीय जनशिक्षा केंद्र में सत्यापन दिनांक 14 मार्च से दिनांक 30 मार्च तक किया जायेगा। रेंडम पद्धति से ऑनलाईन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना दिनांक 02 अप्रैल तक वहीं आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होना एवं स्कूल द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से एडमीशन रिपोर्टिंग 03 अप्रैल 2026 से दिनांक 15 अप्रैल2026 तक, प्रथम चरण के उपरांत रिस्क रह गयी सीटों में द्वितीय चरण के माध्यम से आवंटन किया जायेगा।

फरार 2 विधि विरूद्ध किशोरों को कोतवाली पुलिस ने किया किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार स्थाई वारंटियों एवं लंबे समय से फरार चल रहे विधि विरूध्द किशोरों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं।

इसी क्रम में दिनांक 02/03/2025 को मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहे 02 विधि विरूध्द किशोरों को कोतवाली पुलिस द्वारा विधिवत् पकड़कर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। 02 विधि विरूध्द किशोर उम्र क्रमशः 17 वर्ष एवं 15 वर्ष सराहनीय कार्यः- निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर मुकेश गोडाने, म.आर. निशा दोनावट, सैनिक मोहम्मद वकील, राजेन्द्र तिवारी की विशेष भूमिका रहीं है।

नदी से अवैध रेत भरते ग्रामीणों ने पकड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली

चार घंटे बाद पहुंचा वन अमला, अवैध रेत उत्खनन पर विभाग की भूमिका संदिग्ध

सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के कुरई वन सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खांडसा के उतरिया वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का मामला सामने आया है। उतरिया नदी से रेत भरते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक एमपी 50 एए 0480 को चालक पवन पिता धूप सिंह (उम्र लगभग 41 वर्ष), निवासी नयेगांव चला रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि उतरिया नदी से लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन किया

जा रहा है। गुरुवार को जब चालक ट्रॉली में रेत भर रहा था, तभी सतर्क ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और वाहन सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में खड़ा कर दिया।

ग्रामीणों ने पंचनामा कार्रवाई कर संबंधित विभाग को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि सूचना देने के बावजूद करीब चार घंटे तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में डिप्टी रेंजर एवं वनरक्षक स्थल पर पहुंचे। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंचगणों का कहना है कि विभाग की कथित मौन स्वीकृति के चलते क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर अंकुश लगाया जा सके।

इस घटना ने एक बार फिर अवैध खनन के खिलाफ प्रशासनिक सक्रियता और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों की निगरानी से जहां एक ओर अवैध उत्खनन का मामला उजागर हुआ, वहीं विभाग की देरी से पहुंची टीम ने जिम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

इनका कहना है

वन सामान्य परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 344, उतरिया नदी से रेत भरते वाहन को पकड़कर राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।

अशोक कुमार इक्का, डिप्टी रेंजर

शासकीय महाविद्यालय में हुआ विकसित भारत -युवा संसद का आयोजन

सिवनी नवभारत। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत 2027 के विजन को ध्यान में रखकर भारत सरकार युवा खेल एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित विकसित भारत युवा संसद का आयोजन सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्या आतिथ्य एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.एस. ठाकुर के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का विषय ''आपातकाल के 50 वर्ष - इतिहास से सबक'' रहा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में सिवनी जिले के समस्त महाविद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा उक्त विषय पर तत्परता से अपने विचार को मंच के माध्यम से रखा गया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल में तुलसी सिंह ठाकुर सचिन पाटकर एडवोकेट सुदीप तिवारी एम.के. श्रीवास्तव एवं डॉ. हेमन्त वट्टी रहे। प्रतिभागियों को अंकीय गणना के आधार पर वरीयता क्रम प्रदान किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर कु. मैरीना कुरैशी द्वितीय स्थान पर राखी ठाकुर तृतीय स्थान पर मोहिनी यादव रहीं।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शशिकेश संकोलिया द्वारा आयोजित युवा संसद में डॉ. अजय सिंह कुसरे डॉ. हेमन्त वट्टी डॉ. मनीष परते, प्रो. शशिकेश संकोलिया, डॉ. अर्चना कुमारी प्रसाद, श्री रितेश सेन, डॉ. सी.डी. शर्मा, डॉ प्रदीप डहेरिया, डॉ अमित नेवारे, डॉ. ज्योति मसराम, डॉ. अमित नेवारे, श्री सुनील डहेरिया, श्री राजकुमार साहू, श्रीमति निधि हिरकने, श्रीमति नूरी फिरदौस, कु. उज्मा हुसैन, श्रीमति रूपाली जैन, श्रीमति अंबालिका डहेरिया, श्रीमति जाग्रती इनवाती, श्रीमति अस्मिता श्रीवास्तव, प्रसन्न चौरसिया, अतुल सोनी, ओजस्वी बरमैया एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सटोरी धनीराम कुल्हाडे पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो के नेतृत्व में समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा रेड़ कार्रवाई करते हुए 01 सटोरी को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि 02/03/2026 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि सांई मंदिर के बाजू में सब्जी मंडी आजाद वार्ड सिवनी में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखकर अवैध रुप से लाभ कमा रहा है जो तत्काल टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर दबिश देकर सट्टी पट्टी लिख रहे 01 व्यक्ति को पकड़ा गया जिससे अपना नाम पता पूछने पर अपना नाम धनीराम कुल्हाडे निवासी कर्वे कालोनी भगतसिंह वार्ड सिवनी का होना बताया जिसके पास से सट्टा पट्टी एवं डाट पेन कार्बन का टुकड़ा एवं नकदी 540/- रुपये मिलने पर विधिवत् जप्त कर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, आर. राजेन्द्र राजपूत, प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती म.आर. निशा दोनावट, म.सै. गायत्री की

कोतवाली पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सिवनी। आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा पहले पैदल फ्लैग मार्च निकाला जाएगा, इसके पश्चात वाहनों के माध्यम से विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया गया। जानकारी के अनुसार फ्लैग मार्च की शुरुआत कोतवाली थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैण्ड, झिरिया मोहल्ला, हड्डी गोदाम, टीपू सुल्तान चौक, मटन मार्केट, ईदगाह मस्जिद, महावीर मठिया, छिंदवाड़ा चौक, छिंदवाड़ा रोड, रेलवे क्रॉसिंग, शनि मंदिर स्टेशन, कटंगी रोड, पुराना गल्ला मंडी, रेलवे जनता नगर, कटंगी रोड, घसियारी मोहल्ला, शुक्रवारी, काली चौक, डूंडा सिवनी चौक, बरघाट, कचहरी चौक, सिधिया पुतला होते हुए समापन स्थल पहुंचा।

जिला भाजपा ने नवनिवुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

सिवनी नवभारत। भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के नेतृत्व में पूरी उर्जा के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई उंचाईयां प्रदान करेगी। मैं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां मिलने पर बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए दायित्वों के कुशल निर्वहन की अपेक्षा करता हूं। हम सभी इस बात का ध्यान रखें कि संगठन ने हमें दायित्व के साथ जिम्मेदारियां भी सौंपी है और यह दायित्व हमारी क्षमता, योग्यता और परिश्रम की परीक्षा है।

उक्त आशय की बात आज जिला भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मण्डला सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते द्वारा अपने संबोधन में कही गई।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी सभी क्षमतावान कार्यकर्ताओं का आवश्यकता अनुसार दायित्व देकर उनका सम्मान करती है। हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पितृपुरूष पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष जी ने जिस संगठनरूपी वटवृक्ष को रोपा था उसे हमें अपने श्रम से सिंचित करना है। हम अपने संगठन को परिवार भाव से चलाते हैं. मैं यहां उपस्थित सभी नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ ही समस्त मातृशक्ति, मंडल अध्यक्षों, युवा मोर्चा के उर्जावान कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए बुराई पर अच्छाई के पर्व होली की शुभकामनाएं देती हूं।

इस कार्यक्रम में सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन द्वारा नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा गया कि हमें अपने-अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से निरंतर चर्चा करते रहना है, लोगों से संपर्क करना है, उनकी समस्याओं को जानना है और उनके समाधान का प्रयास करना है। यदि हम दृढ़संकल्प लेकर पार्टी के द्वारा सौंपे गए कार्यो को पूरा करने में जुटें तो हमें निश्चित ही सफलता मिलेगी। आगामी दिनों में हमें स्थानीय निकायों के साथ ही विभिन्न चुनावों, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत सफलता का लक्ष्य लेकर चलना है।

इस कार्यक्रम में बरघाट विधायक कमल मर्सकोले द्वारा कहा गया कि भाजपा जिलाध्यक्ष की टीम में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के साथ ही उर्जावान युवाशक्ति और अनुभवी वरिष्ठजनों को का समावेश किया गया है। मैं सभी को अपनी शुभकामनायें देते हुए कामना करता हूं कि हम सभी मिलजुलकर अपने परिश्रम से संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि पार्टी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम आतिशबाजी, ढोल ताशे और रंग गुलाल के साथ मुख्य अतिथि फग्गनसिंह कुलस्ते का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण के साथ ही वन्दे मातरम गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले एवं अभिषेक दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

कार्यवाही | **दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष व त्वरित कार्यवाही होना आवश्यक, कानून सबके लिए समान हो : आदित्य मोंटू भूरा**

लखनादौन में 83 लाख रुपये के कथित घोटाले में कार्रवाई की मांग

सिवनी नवभारत। लखनादौन नगर परिषद में 83 लाख रुपये के कथित घोटाले के मामले में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, दो पूर्व सीएमओ सहित कुल 23 लोगों के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) की जांच उपरांत एफआईआर दर्ज हो चुकी है। यह मामला अत्यंत गंभीर है और सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसे से जुड़ा हुआ है।

युवा कांग्रेस सिवनी ने सवाल उठाते हुए कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपित व्यक्ति खुलेआम घूम रहे हैं और अपने पदों पर बने हुए हैं। आखिर उनकी गिरफ्तारी कब होगी? उन्हें पद से हटाया कब जाएगा? जबकि पूर्व में सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष रहे शफीफ खान को एक कथित झूठे और फर्जी मामले में बिना एफआईआर के ही तत्काल पद से हटा दिया गया था। उस समय सरकार ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की थी। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या राजनीतिक दल के आधार पर कार्रवाई की गति तय की जाती है?

यदि कोई भी व्यक्ति दोषी है तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई होना आवश्यक है, चाहे वह किसी भी दल से संबंधित क्यों न हो। कानून सबके लिए समान होना चाहिए।

युवा कांग्रेस सिवनी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अब तक की कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की जाए। गिरफ्तारी और वैधानिक प्रक्रिया में हो रही देरी का स्पष्ट कारण बताया जाए। आरोपित पदाधिकारियों को जांच पूर्ण होने तक पदमुक्त किया जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके।

जनता के मन में यह आशंका उत्पन्न हो रही है कि कहीं राजनीतिक दबाव कार्रवाई में बाधा तो नहीं बन रहा। प्रशासन को पारदर्शिता के साथ स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस आदित्य मोंटू भूरा ने सरकार से भी स्पष्ट उत्तर की अपेक्षा करते हैं कि क्या आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत जेल भेजा जाएगा? क्या उन्हें उनके पदों से हटाया जाएगा? क्या राजनीतिक संरक्षण की किसी भी आशंका को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे? युवा कांग्रेस सिवनी स्पष्ट करना चाहती है कि

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। न्याय और कानून में भेदभाव नहीं होना चाहिए। जनता सब देख रही है और जवाब चाहती है।